आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 20.12.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– योग ने विश्व को स्वास्थ्य, संतुलन और सद्भाव का मार्ग दिखाया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से प्रदेश में बढ़ रहे मानव–वन्यजीव संघर्ष पर चर्चा की।
- राज्य में सतत विकास लक्ष्यों की मासिक रैंकिंग जारी, चम्पावत जिला प्रथम स्थान पर रहा।
- मुख्यमंत्री ने देहरादून के डालनवाला पुलिस स्टेशन का निरीक्षण किया, ड्यूटी से अनुपस्थित थानेदार को लाइन हाजिर करने के निर्देश दिए।
- और... मौसम विभाग ने आज हरिद्वार, उधम सिंह नगर, नैनीताल, चंपावत, पौड़ी और देहरादून जिलों में घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया।

## विश्व स्वास्थ्य संगठन सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि दुनियां में संतुलन बहाल करना न सिर्फ वैश्विक उद्देश्य नहीं हैं बलकि एक वैश्विक तात्कालिक जरूरत भी है। नई दिल्ली में पारंपरिक चिकित्सा पर विश्व स्वास्थ्य संगठन वैश्विक शिखर सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि योग ने विश्व को स्वास्थ्य, संतुलन और समरसता का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि भारत

के प्रयासों और 175 से अधिक देशों के सहयोग से संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की घोषणा की गई थी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लिए यह सौभाग्य और गर्व की बात है कि जामनगर में विश्व स्वास्थ्य संगठन का वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र स्थापित किया गया है।

मानव–वन्यजीव संघर्ष

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से दूरभाष पर वार्ता कर राज्य में बढ़ रही मानव–वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि इसके लिए वन विभाग और प्रशासन प्रभावी कदम उठा रहा है तथा हिंसक वन्यजीवों को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

श्री धामी ने इस गंभीर चुनौती से निपटने के लिए केंद्र से अतिरिक्त संसाधनों और सहयोग का अनुरोध किया। इस पर केंद्रीय मंत्री ने सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन देते हुए वैज्ञानिक प्रबंधन, आधुनिक तकनीक और त्वरित राहत व्यवस्था पर जोर दिया।

राज्य में सतत विकास लक्ष्य

प्रदेश में सतत विकास लक्ष्य– एस.डी.जी. की मासिक रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें चम्पावत जिले ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। अप्रैल से अक्टूबर माह के बीच 11 सतत विकास लक्ष्यों के 39 संकेतकों के आधार पर पहली बार जिलावार मासिक रैंकिंग तैयार की गई।

रैंकिंग में चम्पावत को 96 अंक मिले हैं, जबकि बागेश्वर 94 अंकों के साथ दूसरे और नैनीताल 92 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। सीपीपीजीजी के विशेष कार्याधिकारी अमित पुनेठा ने कहा है कि रैंकिंग में पीछे रहे जिलों से वित्तीय वर्ष की शेष अवधि में सभी एसडीजी लक्ष्यों को प्राप्त करने की अपेक्षा की गई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों को तेजी से हासिल करने के लिए योजनाओं के बेहतर निर्माण और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ठोस एक्शन प्लान तैयार किया गया है। इससे आम जनता के जीवन स्तर में सुधार के साथ राज्य के समग्र विकास को गति मिलेगी।

पुलिस स्टेशन निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल शाम देहरादून स्थित डालनवाला पुलिस स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थानेदार ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए, जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल प्रभाव से उन्हें लाइन हाजिर करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा में लापरवाही, अनुशासनहीनता और संवेदनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस व्यवस्था में सुधार, पारदर्शिता और जवाबदेही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और जनहित में सख्त कार्रवाई से सरकार पीछे नहीं हटेगी।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पुलिस स्टेशन पहुंचे शिकायतकर्ताओं से सीधे बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश

दिए कि शिकायतों को औपचारिकता नहीं, बल्कि अपनी जिम्मेदारी समझते हुए दर्ज किया जाए और उनका त्वरित, निष्पक्ष व प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

बीडीसी बैठक

टिहरी जिले के जाखणीधार विकासखंड में ब्लॉक प्रमुख राजेश नौटियाल की अध्यक्षता में पहली बीडीसी बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने संबंधित विभागों को समस्याओं के त्वरित और समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। बैठक में मौजूद टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने अधिकारियों से विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने को कहा।

जन–जन की सरकार

पौड़ी जिले की विभिन्न न्याय पंचायतों में जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान के तहत बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। अभियान के तहत गंगा भोगपुर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में पहुँची लाभार्थी श्रुति रावत ने बताया कि उनका निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

पौड़ी जिला प्रशासन का कहना है कि यह अभियान जिले की सभी 115 न्याय पंचायतों में चरणबद्ध रूप से चलाया जाएगा, जो आगामी 18 मार्च, 2026 तक जारी रहेगा।

मौसम

प्रदेश में तापमान में गिरावट और घने कोहरे के चलते ठंड बढ़ गई है। तड़के और रात के समय मैदानी इलाकों में घना कोहरा छाया हुआ है। मौसम विभाग ने आज हरिद्वार, उधम सिंह नगर, नैनीताल, चंपावत, पौड़ी और देहरादून जिलों में घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

विभाग के अनुसार 22 दिसंबर तक राज्य के पर्वतीय जिलों में कहीं—कहीं हल्की बारिश और अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना बनी हुई है।

वहीं, मैदानी इलाकों में बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने शहर के प्रमुख चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की है। इसके साथ ही रैन बसेरों में जरूरतमंदों को कंबल और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

## विंटर लाइन कार्निवाल

मसूरी में आगामी 24 से 29 दिसंबर तक विंटर लाइन कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मसूरी नगर पालिका परिषद सभागार में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें कैबिनेट मंत्री ने विंटर लाइन कार्निवाल 2025 के ब्रोशर का उद्घाटन किया।

बैठक के दौरान मंत्री ने कार्निवाल की सभी तैयारियाँ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। श्री जोशी ने कार्निवाल में स्थानीय उत्पादों, स्थानीय कलाकारों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के स्टॉलों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। साथ ही फूड फेस्टिवल के दौरान कीवी और माल्टा जैसे स्थानीय फलों के स्टॉल लगाने को कहा।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....**

बांग्लादेश में हिंसा की खबर को आज सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से पहले पृष्ठ पर प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान पहली सुर्खी के साथ लिखता है– बांग्लादेश में हिंदू युवक से बर्बरता। इस खबर पर उमर उजाला का शीर्षक है– बांग्लादेश में हिंसा, 3 अखबारों के दफ्तर फूंके, हिंदू युवक की पीट–पीटकर हत्या।

प्रदेश में बढ़ती शीतलहर और घने कोहरे पर दैनिक जागरण लिखता है– उत्तराखंड में भी जानलेवा बना कोहरा, हादसों में तीन की मौत।

हैदराबाद में आयोजित लोकसेवा आयोगों के अध्यक्षों के सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हवाले से राष्ट्रीय सहारा लिखता है– सिविल सेवा भर्ती प्रक्रिया में बरतें ईमानदारी व पारदर्शिता।